# देश में पैसे की नहीं ईमानदार नेताओं की कमी-गडकरी

**खास बातें**

- विकसित और आत्मनिर्भर भारत सिर्फ स्वप्न नहीं संकल्प है, पूरा देश एकजुट होकर कर रहा है काम
- मध्यप्रदेश को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी 1 लाख करोड़ रुपये के राजमार्ग विकास कार्यों की मंजूरी
- सीआरएफ से 1600 करोड़ देने की घोषणा, इसमें से 400 करोड़ मिलेंगे विदिशा संसदीय क्षेत्र को
- सागर-विदिशा- कोटा तक बनेगा नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाइवे, 75 किमी दूरी होगी कम
- जिले के लिए 450 करोड़ से अधिक के कामों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि-पूजन






**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 17 जनवरी,** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हमारे लिए सिर्फ स्वप्न नहीं, एक संकल्प है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा देश एकजुट और एकमत होकर काम कर रहा है. मंत्री श्री गडकरी शनिवार को विदिशा में आयोजित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. केंद्रीय मंत्री गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के विकास को और गति देने के लिए विदिशा में 4400 हजार करोड़ रुपए की लागत से 8 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। केन्द्रीय सड़क मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में सबसे अग्रणी राज्य है. यहां का बासमती चावल और शरबती गेहूं विश्व प्रसिद्ध है. दुनिया हमारे इंजीनियर और डॉक्टर्स का लोहा मानती है. केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि शनिवार को मध्यप्रदेश में 1 लाख करोड़ लागत के सड़क और राजमार्ग विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है.

प्रदेश में अभी 2 लाख करोड़ लागत के अनेक काम चल रहे हैं. 16 हजार करोड़ रुपए लागत का सागर-विदिशा-कोटा तक नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। इससे सागर से कोटा के बीच की दूरी 75 किमी तक कम हो जाएगी. मध्यप्रदेश में अलग-अलग 50 सड़कों के निर्माण के लिए 4500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त भी जरूरत के अनुसार और भी राशि मंजूर की जाएगी. विदिशा में 4 हजार करोड़ रुपए लागत से उत्तरी बायपास बनाया जाएगा. सिंहस्थ के लिए उज्जैन-झालावाड़ 2500 करोड़ रुपए की लागत से हाईवे सहित अन्य रोड भी बनाए जाएंगे.

## 4 हजार 500 करोड़ की मांग, रायसेन में खोला जाएगा मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह उज्जैन के समान पावन धरती है. हर काल में यहां के वीरों ने अपनी अलग पहचान बनाई. बनवा दिया है। मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पहाड़ के बीच से रोड निकल रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास का महापर्व मना रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में 50 सड़कों के निर्माण के लिए 4500 करोड़ रुपए की मांग केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से की, जिसे केंद्रीय मंत्री ने तत्काल मंजूरी दे दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रायसेन में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा, इसके लिए सभी जरूरी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द प्रारंभ कर दी जाएंगी.

### इन पर पर नजर

- दोपहर 1.30 बजे से शुरू हुआ रोड शो जिसमें रथ समेत करीब 70 से ज्यादा गाड़ियों का काफिला शामिल था
- दोपहर 2.40 बजे मंच पर पहुंचे अतिथि, विधायक टंडन ने दिया स्वागत भाषण
- खरीफाटक ओव्हर ब्रिज से वाहनों की आवाजाही सुबह से ही बंद कर दी गई
- शहर के मेन मार्केट में कई रास्तों को पूरी तरह से कर दिया बंद
- सीएम यादव के भाषण शुरू होते ही कम होने लगी भीड़
- मंडी के पिछले गेट से निकली जनता को रोकने के लिए पहले सीएमओ पहुंचे
- लगातार कम होती भीड़ को देखते हुए कलेक्टर, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए लेकिन वह कार्यक्रम से बाहर जाने वाली भीड़ को नहीं रोक पाए



## विदिशा को बनाएंगे विकास का हब -चौहान

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी विकास का दूसरा नाम हैं. विदिशा बदल रहा है, अब इसे एक रिंग रोड की आवश्यकता है. जब किसी शहर में रोड बनता है तो जमीन की कीमत बढ़ती है। शहर के विकास के साथ उद्योगों का विकास होता है.अब मध्यप्रदेश का गेहूं और बासमती चावल अमेरिका और कनाडा तक धूम मचा रहा है। कोटा-भोपाल-विदिशा-सागर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के बनने से लोगों का समय बचेगा. इससे विदिशा-सागर क्षेत्र के लिए नया अध्याय शुरू हो जाएगा। शहरों के आसपास से निकलने वाली सड़कों को भी दशा और दिशा सुधारने की आवश्यकता है. विदिशा बस स्टैंड के उन्नयन की आवश्यकता है. अगर नागपुर से ग्वालियर तक नया राष्ट्रीय राजमार्ग बने, तो मध्यप्रदेश की सूरत ही बदल जाएगी. प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है, ऐसे में अगर नर्मदा को बेतवा से लिंक कर दिया जाए, तो एक बड़ा काम पूरा हो जाएगा. वहीं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास की नई गाथा लिख रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में 578 किमी का ग्वालियर-भोपाल-नागपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, 450 किमी का उज्जैन-जबलपुर-अंबिकापुर नेशनल हाइवे, 57 किमी का सिरोंज-महलुआ-बीना मार्ग, खंडवा-हरदा-पिपरिया- नरसिंहपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे, 14 हजार करोड़ लागत का कोटा- भोपाल-विदिशा-सागर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, नसरुल्लागंज-बुधनी 2 लेन रोड बनाए जाने की आवश्यकता है. प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सागर की सांसद लता वानखेड़े, नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक सुदेश राय, पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक रमाकांत भार्गव, विधायक हरिसिंह सप्रे, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक उमाकांत शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.



## मनरेगा बचाओ संग्राम व इंदौर जल त्रासदी के विरोध में कांग्रेस का मौन उपवास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 17 जनवरी,इंदौर शहर में दूषित पेयजल के कारण 25 मासूम नागरिकों की असामयिक मृत्यु और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में मौन एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया. इस उपवास कार्यक्रम में कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे.**

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर की घटना ने प्रदेश की पेयजल व्यवस्था और स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर कमियों को उजागर कर दिया है. दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को न्याय व मुआवजा दिए बिना यह मामला समाप्त नहीं किया जाना चाहिए. साथ ही मनरेगा योजना गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता की जीवनरेखा है, इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस सड़क से सदन तक विरोध करेगी.कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने इंदौर की जल त्रासदी को प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी उदासीनता का परिणाम बताया.उपवास स्थल पर सभी कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने रघुपति राघव राजा राम की धुन पर भजन गाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की.उपवास कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, जिले के प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, रणधीर सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, विकास शर्मा, सुभाष बहोत, आनंद प्रताप सिंह, प्रियंका किरार, अरुण कुमार अवस्थी, रवि साहू, अर्पित उपाध्याय, हसरूद्धीन खान, सुशील शर्मा, गोविंद राजपूत, राजेश दुबे, जफर खान, शरद शर्मा, यदुवीर सिंह बघेल, सुजीत देवलिया, बंटी सक्सेना आदि उपस्थित रहे.जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह उपवास जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को जगाने का प्रयास है.उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तथा मनरेगा को सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा.

## संघ ने की मांग राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान मिले महंगाई भत्ता

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** महंगाई भत्ते को लेकर मध्य प्रदेश कर्मचारियों में असंतोष है.केंद्रीय कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है.राज्य कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है.पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में 58 प्रतिशत डीए का आदेश जारी हो गया है.राज्य कर्मचारी 3 प्रतिशत पीछे चल रहे हैं. मध्य प्रदेश शासन भोपाल से प्रांतीय शिक्षक संघ ने मांग की है की शेष तीन प्रतिशत डीए के आदेश जारी करवाने की मांग की है.मांग करने वालों में कृष्ण गोपाल राय प्रदेश उपाध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ मध्य प्रदेश , जाहिद मोहम्मद जिलाअध्यक्ष , राजेंद्र राय प्रदेश सह संगठन मंत्री, राकेश सोनी ब्लॉक अध्यक्ष विदिशा, प्रकाश श्रीवास्तव, राम सिंह विश्वकर्मा, मनीष मीणा, राम सिंह कुशवाहा, रवि रैकवार, रमेश अहिरवार, अतुल साहू, रामरतन मालवीय, भारत सिंह परिहार, दातार सिंह परिहार, अशोक मालवीय , भगवान सिंह अहिरवार, प्रदीप श्रीवास्तव आदि है.

**एक नजर में**

## मधुकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन आज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक देश में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन के क्रम में कल दिनांक 18 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे मधुकर बस्ती का हिंदू सम्मेलन जैन मंदिर के पास अरिहंत बिहार में रखा गया है, इसमें अतिथि के रूप में परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 श्री संभवसागर जी महाराज तथा पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरियाजी का आशीष वचन सुनने को मिलेंगे. यह हिंदू सम्मेलन हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सनातन संस्कृति,सनातन धर्म सामाजिक समरसता एकता के प्रतीक को बबीता प्रदान करेगा.

### व्यायामशाला किले अंदर में विशाल हिंदू सम्मेलन आज

सरस्वती बस्ती का विशाल हिन्दू सम्मेलन रविवार को व्यायाम शाला किले अंदर चोपड़ा में किया जायेगा.आयोजन समिति के भीकमसिंह कुशवाह एवं आशीष सुमन ने बताया की विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं सम्मेलन के दिन रविवार को प्रात: 10.30 बजे से बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएंगी, जो कार्तिक चौक,पेड़ी चौराहा,चोपड़ा से होते हुए व्यायाम शाला पहुंचेगी. इसके लिए घर घर जाकर समाज को आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है आयोजन समिति ने सभी से हिन्दू सम्मेलन में आने का आग्रह किया है.

## बजट में इंडस्ट्रियल हब और खेल अकादमी की मांग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, प्रदेश के आगामी बजट से पूर्व विदिशा के जागरूक युवाओं और बी पी एड संघ मध्य प्रदेश के बैनर तले अपनी लंबित मांगों को लेकर लोक निर्माण एवं शिलान्यास के कार्यक्रम में पधारे प्रदेश के राजस्व, परिवहन एवं खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा.**



युवाओं ने जिले में बढ़ती बेरोजगारी और खेल संसाधनों की कमी को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं. सौंपे गए ज्ञापन में युवाओं ने प्रमुख रूप से औद्योगिक गलियारे की स्थापना की मांग की है. संगठन मंत्री पंकज भार्गव का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उद्योग न होने के कारण हजारों युवाओं को प्रतिदिन रोजगार के लिए विदिशा से भोपाल तक अप-डाउन करना पड़ता है, जो बेहद कष्टकारी और खर्चीला है.इसके साथ ही, विदिशा में एम एस एम ई इकाइयों को विशेष सब्सिडी देकर स्थानीय रोजगार सृजन की अपील की गई है. खेलों के क्षेत्र में जिले को पिछड़ने से बचाने के लिए युवाओं ने विदिशा में एक राज्य स्तरीय खेल अकादमी और खेल परिसर में 50 बेड के छात्रावास के निर्माण की मांग रखी है. युवाओं के अनुसार, छात्रावास की सुविधा होने से दूर-दराज के प्रतिभावान खिलाड़ी शहर में रुककर बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे.मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने युवाओं की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे.

## नगर एवं किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसजनों की गिरफ्तारी

**प्रशासन की तानाशाही का प्रमाण-कांग्रेस**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नगर की गंभीर नागरिक समस्याओं एवं किसानों की बदहाल स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शांतिपूर्ण ज्ञापन देने के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति मांगी गई थी. अनुमति न मिलने के बावजूद जब कांग्रेसजन लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन के लिए निकले, तो पुलिस प्रशासन ने तिलक चौक पर उन्हें रोकते हुए गिरफ्तार कर लिया.

ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को शहर की जर्जर सड़कों की बदहाली, सफाई व्यवस्था की दुर्दशा, बेतवा नदी की बिगड़ती स्थिति, किसानों को खाद-बीज की भारी किल्लत, मकोड़िया बांध निर्माण की आवश्यकता, लगातार बिजली संकट जैसी गंभीर जनसमस्याओं से अवगत कराया जाना था.लेकिन प्रशासन ने जनता की आवाज को दबाने का प्रयास करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर करारिया थाने में बैठाकर रखा.

इस दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार को भी गिरफ्तार किया गया.उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण कुमार अवस्थी, युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुमित वैद, मंगल सिंह, संदीप अमरावती भी उपस्थित थे.इस



अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कांग्रेस नेता आनंद प्रताप सिंह ने कहा यह गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है. जब जनता की समस्याओं को उठाने पर जनप्रतिनिधियों को जेल भेजा जा रहा है, तो यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार सच से डर रही है. कांग्रेस जनता की आवाज को दबने नहीं देगी.वहीं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा महिलाएं और किसान आज सबसे अधिक पीड़ित हैं। खाद-बीज, बिजली और पानी जैसी बुनियादी समस्याओं पर सवाल उठाना कोई अपराध नहीं है।विदिशा जिले सहित पूरे प्रदेश में आज मासूम बेटीयो और बहिनों के अस्मिता के साथ खुलेआम खेला जा रहा है और बीजेपी सरकार उन बहिनों को न सुरक्षा दे पा रही ना ही उन्हें न्याय दिला पा रही है.

## स्कॉर्पियो आकर चुराते थे डीजल, 2 गिरफ्तार

**810 लीटर डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, बसों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 72 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया डीजल एवं अपराध में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन सहित कुल 6 लाख 25 हजार 273 का मशरूका बरामद किया है. फरियादी राजेश पिता मदनलाल सक्सेना, निवासी शमशाबाद शक्ति ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर द्वारा थाना शमशाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 13-14 जनवरी की दरम्यानी रात बस स्टैंड शमशाबाद पर खड़ी शक्ति ट्रांसपोर्ट की 5 बसों के डीजल टैंकों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा 810 लीटर डीजल कीमत 75 हजार 273 चोरी कर लिया गया है. शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. थाना प्रभारी शमशाबाद निरीक्षक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगभग 180 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा मुखबिर सूचना के आधार पर डीजल चोरी में प्रयुक्त चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे रात में सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों के डीजल टैंकों का लॉक तोड़कर डीजल चोरी करते थे और उसे कम दामों में बेच देते थे. पुलिस ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें अफताफ उर्फ फईम खां, पिता अब्दुल हमीद खां, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम बेरखेड़ी चौराहा, थाना सलामतपुर, जिला रायसेन और इंदर सिंह उर्फ नोनीत, पिता फूलसिंह कुशवाह, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम खरगावली, थाना कोतवाली, जिला रायसेन है.

## दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव में हुईं अनेक प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव प्रतियोगिता दूसरे दिन बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्सा-कस्सी ,कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ , प्रतियोगिता का आयोजन हुआ.बैडमिंटन में पलक राजपूत प्रथम मनीषा साहू द्वितीय स्थान , टेबल टेनिस में पलक राजपूत प्रथम तथा अनुष्का द्वितीय रही.**

शॉट पुट में मुस्कान रैकवार प्रथम, खुशबू रघुवंशी द्वितीय, अंजलि सिलावट तृतीय स्थान पर रही. डिस्कस थ्रो में मुस्कान रैकवार,खुशबू रघुवंशी, विजय रही.रस्सा कस्सी मैं बीएससी की टीम फर्स्ट तथा बीए की टीम सेकंड रही. वार्षिक खेल उत्सव में प्राचार्य डॉक्टर बीडी. अहिरवार ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया.समस्त प्रतियोगिताओं का आयोजन शारीरिक शिक्षा एवं कीड़ा विभाग द्वारा किया जा रहा है तथा संचालन डॉक्टर मनोज कुमार अहिरवार द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक,स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहे.

**ज्ञापन** | **जिला पंचायत अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सौंपे मांग पत्र**

## विदिशा के लिए मांगा देश का पहला हाईवे गौ-शेल्टर पायलट प्रोजेक्ट

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रवास पर आए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर जिले के विकास के लिए दो बड़े विजन पत्र सौंपे.**



अध्यक्ष ने मंत्री को अवगत कराया कि एनएच-346 पर स्थित ग्राम हिनोतिया से गुलाबगंज और एनएच-146 पर स्थित मानोरा से गैरतगंज-सिलवानी होते हुए उदयपुरा (एनएच-45) को जोड़ने से जिले की यातायात व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा. इससे गुना, अशोकनगर और सिरोंज के यात्रियों को रायसेन-जबलपुर मार्ग के लिए करीब 100 किमी की कम दूरी तय करनी होगी.अध्यक्ष ने मांग की कि वर्षा काल में सड़कों पर बैठने वाले गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हाईवे शेल्टर कॉरिडोर बनाया जाए. उन्होंने प्रस्ताव दिया कि एनएचएआई द्वारा हाईवे के किनारे शासकीय भूमि पर चबूतरे और टीन शेड बनाए जाएं ताकि बारिश में गोवंश को सूखा स्थान मिले और वे सड़क पर न बैठें.

उन्होंने विदिशा जिले को इस योजना के लिए देश के पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनने का आग्रह किया.इस अवसर पर मंत्री गडकरी ने दोनों ही प्रस्तावों की सराहना की और संबंधित अधिकारियों को इस पर विचार करने के निर्देश दिये.

## सांस्कृतिक मंच श्री रामलीला मैदान में होगा सांची का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर आज दिनांक 16 जनवरी 2026 को नगर परिषद सांची कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्री पप्पू रेवाराम अहिरवार ने की.बैठक में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं संचालकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सांस्कृतिक मंच श्री रामलीला मैदान, सांची में आयोजित किया जाएगा.निर्णय अनुसार प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसके पश्चात संदेश वाचन तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी. कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे.बैठक में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुशवाह सहित नगर के सभी विद्यालयों के प्रमुख उपस्थित रहे.

